# रजिस्ट्रार कार्यालय समाचार

# अक्तूबर - 2024

**नवम्बर - दिसम्बर 2024 सत्र -**

1) नवंबर –दिसंबर **2024** सत्र की लिखित परीक्षा **रविवार, दि.17 नवंबर, 2024** को संपन्न होगी |

विगतवार कार्यक्रम इस प्रकार होगा |

**प्रात: 9 से 11**

- प्रवेशिका पूर्ण – गायन /वादन तथा कथक नृत्य

**प्रात: 9 से 12**

- मध्यमा प्रथम / पूर्ण – गायन /वादन तथा कथक नृत्य
- विशारद प्रथम / पूर्ण- सभी विषय (प्रथम प्रश्नपत्र)
- अलंकार प्रथम /पूर्ण – सभी विषय (प्रथम प्रश्नपत्र)

**दोपहर : 2 से 4**

- प्रवेशिका पूर्ण – तबला / पखावज, , भरतनाट्यम, ओडिसी

**दोपहर : 2 से 5**

- मध्यमा प्रथम / पूर्ण – तबला / पखावज, भरतनाट्यम, ओडिसी
- विशारद प्रथम / पूर्ण ,- – सभी विषय (द्वितीय प्रश्नपत्र)
- अलंकार प्रथम /पूर्ण – सभी विषय (द्वितीय प्रश्नपत्र)

**सूचना :-** नवंबर सत्र के रोल नंबर्स, मार्कशिट आदि साहित्य केंद्रों की ओर रवाना किए जा रहे है।।

1. सभी केंद्र व्यवस्थापकों से निवेदन है कि प्रवेश पत्र पार्सल प्राप्त होते ही, उसे खोलें तथा प्रवेश पत्र, उत्तर पुस्तिकाएं, पुरवणी पुस्तिकाएं, क्रियात्मक मार्कशिट्स आदि सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है या नही इसकी पूर्ण जांच करें तथा कोई आशंका हो तो, तुरंत रजिस्ट्रार कार्यालय से संपर्क करें।

2. **सा)** सभी केन्द्र व्यवस्थापकों से नम्र निवेदन है कि परीक्षा साहित्य की जांच करते समय उत्तरपुस्तिकाओं के अनुक्रमांक भी ठीक तरह से जांच लें।

   **रे)** कृपया ध्यान रहे कि बची हुई उत्तर पुस्तिकाएं केन्द्र के पास रखना, पुरानी उत्तर पुस्तिकाओंका या अन्य पूरक पुस्तिकाओं का प्रयोग कार्यालय की अनुमति बिना करना, कार्यालय द्वारा भेजी गई उत्तर/पुरवणी पुस्तिकाओं का प्रयोग अन्य कार्यो के लिए करना उचित नहीं होगा। ऐसी कोई अनियमितता ध्यान में आने पर उस केन्द्र पर उचित कार्यवाही हो सकती है। कृपया आपसे सहयोग की हमें अपेक्षा है।

3. 13 नवम्बर, 2024 तक प्रश्न पत्र न मिलने पर, कार्यालय से संपर्क करें। उपरी लिफाफा खोलकर अंदर के सीलबंद प्रश्नपत्र के लिफाफे पर दिया गया प्रश्न पत्रों का ब्योरा अवश्य देखें तथा उसके अनुसार यदि किसी प्रश्न पत्र के संबंध में कोई आशंका हो तो, तुरंत कार्यालय को सूचित करें। किसी भी परिस्थिती में यह सील किया लिफाफा समय से पहले खोला नहीं जाना चाहिए। केंद्र व्यवस्थापक इस बात का ख्याल रखें कि लिखित परीक्षा के समय सभी व्यवस्था, नियमानुसार की जाए। याद रहें कि, ठीक व्यवस्था न होने वाले केन्द्रों के बारे में कार्यवाही की जा रही है। तथा परीक्षा केन्द्र बंद तथा संस्था संलगता भी रद्द की जा सकती है। परीक्षा कार्य का सम्मान रखने के लिए आपसे सहयोग अपेक्षित है।

4. लिखित परीक्षा के समय प्रत्येक कमरे में एक निरिक्षक होना आवश्यक है। लिखित परीक्षा एक ही कमरे में हो रही हो, तो भी निरीक्षक स्वतंत्र रूप से नियुक्त करना आवश्यक है। उत्तर पुस्तिकाओं पर निरीक्षक तथा केन्द्र व्यवस्थापक के हस्ताक्षर होना आवश्यक है। कृपया ध्यान रहें कि मंडल द्वारा केन्द्र पर लिखित परीक्षा के समय निरीक्षक की नियुक्तीयां की जाती है, कृपया निरिक्षक को पूरा सहयोग दें।

5. सभी केन्द्र व्यवस्थापक अपने केन्द्र के परीक्षार्थीओं की लिखित एवम् क्रियात्मक परीक्षा तिथि, परीक्षा स्थान आदि सूचनाएं समय पर देने की व्यवस्था करें।

6. क्रियात्मक परीक्षकों की नियुक्ति समय पर की जा रही है। अपने केंद्र की क्रियात्मक परीक्षा 25 दिसंबर, 2024 तक अवश्य पूर्ण करें। क्रियात्मक परीक्षा लिखित परीक्षा के पूर्व भी संपन्न करा सकते है, लेकिन इसके लिए रजिस्ट्रार कार्यालय की पूर्वानुमति लेना आवश्यक है। यदि कोई अनिवार्य स्थिति के कारण 25 दिसंबर, 2024 के बाद क्रियात्मक परीक्षा तिथि निश्चित होती है तो उसकी पूर्वानुमति लिखित रूप में कार्यालय से अवश्य प्राप्त करें।

7. केंद्र व्यवस्थापक अपनी ओर से कोई परीक्षक नियुक्त न करें। इस बारे में अगर कोई आकस्मिक कारण हो तो कार्यालय से सम्पर्क करें।

8. सभी केंद्र व्यवस्थापक अपने केंद्र पर नियुक्त किए गए परीक्षकों से संपर्क करें। क्रियात्मक परीक्षा तिथि निश्चित करें तथा परीक्षा तिथि और परीक्षा स्थान की पूर्व सूचना, रजिस्ट्रार कार्यालय को निश्चित रूप से भेजे।

9. सभी केंद्रव्यवस्थापकों को नम्र निवेदन है की, लिखित परीक्षा समाप्त होते ही संभवतः उसी दिन या अधिकतम दुसरे दिन अपने केंद्र पर लिखित परीक्षा में उपस्थित अलंकार परीक्षार्थीयोंकी विषयानुसार विगतवार संख्या कार्यालय को तुरंत इमेल द्वारा भेजना अनिवार्य है ताकि उसी संख्या के अनुसार अलंकार क्रियात्मक परीक्षार्थी तिथियाँ निश्चित करना तथा परीक्षकों की नियुक्ति करना संभव हो सकेगा।

10. अ) **विशारद तथा अलंकार की क्रियात्मक परीक्षा (भरतनाट्यम एवम् कथक) सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना** - कृपया ज्ञात हो की अप्रैल / मई 2016 सत्र से भरतनाट्यम एवम् कथक विषय की विशारद तथा अलंकार की क्रियात्मक परीक्षा में ध्वनिमुद्रित साहित्य के आधार पर नृत्य प्रस्तुत करने की अनुमति नही होगी। इसके लिए आवश्यक वाद्य तथा संगतकारों की व्यवस्था परीक्षार्थी को स्वयं करनी होती। भरतनाट्यम एवं कथक विषय के विशारद तथा अलंकार के परीक्षार्थी आवेदन पत्र भरने से पूर्व इसकी संभावना का विचार कर आवेदन पत्र भरें।

केंद्रव्यवस्थापकों से अनुरोध है की, वे यह सूचना भरतनाट्यम एवम् कथक के सभी अध्यापकों को तथा परीक्षार्थी को अवश्य दे। परीक्षा के सन्दर्भ में मंडल से प्राप्त जानकारी केंद्र से संबधित सभी अध्यापकों को तथा परीक्षार्थीओं को देना केंद्र की जिम्मेदारी है। कृपया सहयोग प्रदान करें।

**ब)** कृपया ध्यान दें, अलंकार परीक्षार्थीयों की क्रियात्मक परीक्षा जनवरी के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में संपन्न हो रही है।

**क)** संगीताचार्य,की परीक्षाएं केवल वाशी , नई मुंबई स्थित "गांधर्व महाविद्यालय" में ही सम्पन्न होगी।

11. परीक्षा से संबंधित सभी बातों पर रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।

रजिस्ट्रार,
(अ. भा. गां. म. वि. मंडल, मुंबई )